झारखण्ड सरकार

कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com

पत्रांक 1124 दिनांक 06/3/2020

सेवा में,

अपर महाप्रबंधक (खनन),
एन0टी0पी0सी0 लिमिटेड,
पकरी बरवाडीह कोयला खनन,
परियोजना,पी0बी0सी0एम0पी0,
सिकरी साईट, बड़कागाँव, हजारीबाग

विषयः– ***N.T.P.C* पकरीबरवाडीह उतरी ब्लॉक कोल माइनींग खनन परियोजना हेतु 331.198 हे0 वन भूमि का अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंगः– वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग का पत्रांक 536 दिनांक 29.02.2020 एवं आपका पत्रांक 03 दिनांक 25.09.2019, पत्रांक 10 दिनांक 31.01.2020।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि प्रस्ताव संख्या FP/JH/MIN/38798/2019 दिनांक 25.09.2019 *पकरीबरवाडीह उतरी ब्लॉक कोल माइनींग खनन परियोजना N.T.P.C 331.198 हे0 वन भूमि का अपयोजन का प्रस्ताव इस कार्यालय द्वारा वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग को अग्रसारित किया गया था। उक्त प्रस्ताव में वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग द्वारा संयुक्त स्थलीय निरीक्षण के कम में निम्नलिखित बिन्दुओं पर पृच्छा की गई है (पत्र की छाया प्रति संलग्न)। जो निम्नवत है :–*

1. प्रस्ताव में अपयोजित होने वाले वनभूमि से होकर दोमुहानी नाला गुजरा है, जो प्रस्ताव के साथ संलग्न नक्शा में उक्त नाला को नहीं दर्शाया गया है।
2. प्रस्ताव के मौजा वरियातु पी0एफ0 में कई Perennial एवं Seasonal नाले देख गये। बरियातु पी0एफ0 में ही मगरदाहा नाला का उदगम स्थल भी देखा गया है। जिसे कैडस्ट्रल मैप एवं टोपो मैप की मूल प्रति में जो भी नदी, नाले एवं जल स्रोत दर्शाया हुए है, जो प्रस्ताव के साथ संलग्न मैप पर दर्शाया नहीं गया है।

अतः दोमुहानी एवं अन्य नदी–नाले को मूल कैडस्ट्रल मैप एवं टोपो मैप पर दर्शाते हुए निराकरण अनुपालन प्रतिवेदन 08 प्रति में प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय, ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। पृच्छा पत्र पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है।
अनु0–यथोक्त

आपका विश्वासी

वन प्रमंडल-पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

Letter to User Agency doc

झारखण्ड सरकार

कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

वन भवन – 1, हजारीबाग 825301 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (O) - 06546 -222393. Cell No. : 8987790202 E-mail: cf-hazaribagh@gov.in

पत्रांक 13-E-5-12/2019:– 536 दिनांक :– 29/02/2020

सेवा में,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल।

FCA
2.3.2020

विषय :– **एन0टी0पी0सी0 लिमिटेड के पकरीबरवाडीह कोल खनन उत्तरी पश्चिमी परियोजना हेतु 331.198 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग:– **आपका पत्रांक 6979 दिनांक 14.12.2019, पत्रांक 111 दिनांक 04.01.2020 एवं पत्रांक 689 दिनांक 11.02.2020**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा विषयक परियोजना का स्थलीय निरीक्षण दिनांक 28.02.2020 को किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान आप भी साथ में थे। स्थलीय निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि अपयोजित होने वाले वनभूमि से होकर दोमुहानी नाला गुजरा है। परंतु आपसे प्राप्त प्रस्ताव के नक्शा में उक्त नाला को नहीं दर्शाया गया है। स्थल निरीक्षण के दौरान बारियातु पी0एफ0 में कई Perennial एवं seasonal नाले देखे गये। बारियातु पी0एफ0 में ही मगरदाहा नाला का उद्‌गम स्थल भी देखा गया। उक्त परियोजना के अग्रसारण में आपके द्वारा भी परियोजना के अन्तर्गत पड़ने वाले जल स्रोतों के संबंध में गम्भीर चिन्ता व्यक्त की गई है। फलस्वरूप यह आवश्यक है कि कैडस्ट्रल मैप एवं टोपो मैप की मूल प्रति में जो भी नदी, नाले एवं जल स्रोत दर्शाए हुए हैं वे सभी प्रस्ताव के साथ संलग्न मैप पर भी दर्शाया हुआ हो। वर्त्तमान में समर्पित नक्शों में दर्शाया हुआ नहीं है।

अतः प्रासंगिक पत्र द्वारा प्राप्त प्रस्ताव की सभी आठ मूल प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर ऑनलाईन एवं हार्ड कॉपी में भेजते हुए अनुरोध है कि प्रयोक्ता अभिकरण से दोमुहानी एवं अन्य नदी–नाले को नक्शा (कैडस्ट्रल मैप एवं टोपो मैप) पर दर्शाते हुए प्रस्ताव प्राप्त कर संशोधित प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चत करें ताकि प्रस्ताव के अनुमोदन/अनुसंशा के विचार के समय सभी स्तरों पर इस तथ्य का समावेश हो सके।

अनुलग्नक–यथोक्त

आपका विश्वासी

वन संरक्षक
प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

1175
03.03.2020

\\India\d\CFH\F.C. Act\NTPC pakaribarwadih coal block 331.198 ha\13-5-12-2019.docx